## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में लगायी आस्था की डुबकी, गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर की पूजा–अर्चना, झारखंड से 11 सौ जनजातीय युवाओं का दल प्रयागराज के लिए रवाना।**
- **गढ़वा के बिजका गांव के 45 आदिवासी परिवारों को 14 महीने से राशन नहीं मिलने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सख्त, दोषियों पर कार्रवाई का दिया निर्देश।**
- **आम नागरिकों के लिए कल से 12 फरवरी तक खुला रहेगा राजभवन उद्यान, सवेरे 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक लोग कर सकेंगे भ्रमण।**
- **सरायकेला–खरसावां जिले के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में राज्य का पहला तीन दिवसीय बर्ड फेस्टिवल संपन्न, कई राज्यों के पक्षी प्रेमियों ने लिया हिस्सा।**
- **राजधानी रांची समेत राज्यभर में नौ फरवरी के बाद ठंड की वापसी की संभावना, मौसम विभाग ने तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट का जताया पूर्वानुमान।**

### अब समाचार विस्तार से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में संगम तट पर आस्था की डुबकी लगायी। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर पूजा–अर्चना भी की। महाकुंभ में उनके साधु–संतों से मिलने की भी संभावना है।

**********************

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा महाकुंभ में छह से दस फरवरी तक जनजातीय समागम का आयोजन किया गया है। इसमें वनवासी कल्याण केन्द्र के नेतृत्व में झारखंड से भी 11 सौ जनजातीय युवा हिस्सा लेंगे। युवाओं का यह दल आज रांची–टुंडला महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना हो गया। वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि कल जनजातीय समागम में देशभर के 25 हजार जनजातीय समुदाय के श्रद्धालु शामिल होंगे।

**********************

गढ़वा के बिजका गांव के 45 आदिवासी परिवारों को पिछले 14 महीने से राशन से वंचित रखने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सख्ती दिखायी है। श्री सोरेन ने गढ़वा के उपायुक्त को पूरे मामले की जांच कर आदिवासी परिवारों को उनका हक दिलाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर द्वारा उनके कोटे के अनाज में व्यापक कटौती की जा रही थी। जब इसका विरोध किया गया तो डीलर ने राशन देना ही बंद कर दिया। ग्रामीणों द्वारा प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक इसकी शिकायत किये जाने के बाद भी अब तक आदिवासी परिवारों को उनका अधिकार नहीं मिल सका है।

**********************

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो पेयजल परियोजना में किसी भी किस्म की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक बयान में श्री राय ने कहा कि जनसुविधाएं मुहैया करने वाली परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सबको पहल करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाने की हिदायत दी।

********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग– जेएसएससी ने झारखंड नगरपालिका सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। आयोग ने बागवनी अधीक्षक, सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सैनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक के कुल 19 पदों के परीक्षा परिणाम जारी किये हैं। वहीं शेष पदों के परिणाम जल्द घोषित किये जायेंगे। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

********************

रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित कतरपा गांव में मंगलवार की रात दो लोगों की हत्या के बाद स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हैं। उन्होंने आज सुबह नगड़ी में सड़क जाम कर दी। वे घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इस बीच रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया। हत्याकांड को लेकर रांची पुलिस की टीम आधा दर्जन लोगों से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि बाइक सवार दो अपराधियों ने बीती रात चाचा–भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

********************

राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र के मुरगू पुल के पास आज ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक और युवती की मौत हो गयी। दोनों युवक–युवती सीयूजे के छात्र–छात्रा बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी है, जिसकी वजह से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है।

********************

हजारीबाग के चौपारण प्रखंड वन इकाई ने विभिन्न जंगलों में पोस्ता की खेती नष्ट करने की बड़ी कार्रवाई की है। पोस्ता खेती नष्ट अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि प्रादेशिक क्षेत्र के असनाचुआ जंगल में लगभग दस एकड़ वन भूमि में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया।

********************

राजभवन का उद्यान आम नागरिकों के लिए कल से खोल दिया जायेगा। नागरिक 12 फरवरी तक राजभवन उद्यान का भ्रमण करके वहां खूबसूरत फूलों और पौधों को देख सकेंगे। उद्यान हर दिन सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला रहेगा। राजभवन के गेट नंबर दो से आवश्यक सुरक्षा जांच के बाद दिन के एक बजे तक लोगों को उद्यान में प्रवेश दिया जायेगा। लोगों को अपने साथ अपना एक पहचान पत्र रखना आवश्यक होगा।

********************

जामताड़ा जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड स्थित दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में झारखंड के पहले तीन दिवसीय बर्ड फेस्टिवल का समापन हो गया है। इस महोत्सव में झारखण्ड के अलावा बिहार, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया।

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक स्मिता पंकज ने बताया कि यह बर्ड फेस्टिवल स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा। इसके साथ ही शोधार्थियों को भी इस क्षेत्र में अध्ययन और शोध के अवसर मिलेंगे।

**********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में नौ फरवरी के बाद ठंड की वापसी की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के अनुसार आठ फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। विभाग का अनुमान है कि 8 और 9 फरवरी को रांची समेत पूरे राज्य में हल्के बादल छाये रहेंगे। इसके बाद बादल छंटते ही सर्द हवा के कारण एक बार फिर ठंड में इजाफा होगा।

*********समाप्त*********